चर्चगेट टू हुतात्मा चौक मेट्रो टनल तैयार

सामना संवाददाता / मुंबई

कुलाबा-बांद्रा-सिप्ज मेट्रो-३ परियोजना (३३.५ किमी) का निर्माण कार्य काफी तेज गति से आगे बढ़ रहा है। शुक्रवार को मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. (एमएमआरसीएल) को इस परियोजना के निर्माण कार्य के अंतर्गत एक और उपलब्धि हासिल हुई। कल चर्चगेट टू हुतात्मा चौक के बीच अंडरग्राउंड मेट्रो टनल का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया। मेट्रो-३ कोरिडोर का यह ३३वां टनल निर्माण हुआ है। इसके साथ ही अब तक मेट्रो-३ परियोजना की ८८ प्रतिशत अंडरग्राउंड टनलिंग और ६० प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

चर्चगेट से हुतात्मा चौक स्टेशन के बीच ६५३ मीटर का अंतर है। अंडरग्राउंड टनलिंग के दौरान कुल ५०२ रिंग का इस्तेमाल किया गया है। यह निर्माण कार्य नेटम तकनीक की मदद से २७५ दिनों में डाउन लाइन मार्ग पर पूरा किया गया है। नेटम तकनीक से तैयार हुआ मेट्रो-३ का यह पहला टनल है। ड्युएल मोड हार्ड रॉक टनल बोरिंग मशीन की सहायता से यह टनल बनाई गई है।

एमएमआरसीएल के व्यवस्थापकीय संचालक रणजीत सिंह देओल ने बताया कि दक्षिण मुंबई परिसर के फ्लोरा फाउंटेन सहित अन्य ऐतिहासिक इमारतों के नीचे से टनल निर्माण करना एक बड़ी चुनौती थी। इसके लिए कट एंड कवर और न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग इन दो पद्धति का उपयोग इंजीनियरिंग कार्य के दौरान किया गया। चर्चगेट और हुतात्मा चौक स्टेशन के आस-पास स्थित व्यापारी केंद्रों को इसके द्वारा जोड़ा जाएगा, ऐसी जानकारी उन्होंने दी।

बता दें कि पैकेज एक के अंतर्गत कफ परेड, विधान भवन, चर्चगेट और हुतात्मा चौक मेट्रो स्टेशन का समावेश है। अब तक हुतात्मा चौक स्टेशन का ५३ प्रतिशत काम पूरा हो चुका है जबकि पैकेज एक अंतर्गत कुल ८० प्रतिशत टनल निर्माण और ६८ प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।